# ई-संदेश

14 अगस्त, 2025 | अंक 166

## सात दिन – सात पृष्ठ



रक्षाबंधन के पर्व पर
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को
रक्षासूत्र बांधती बालिका

- हर घर तिरंगा अभियान "13 से 15 अगस्त 2025" के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का सन्देश
- तिरंगा यात्रा हमें भारत माता, भारतीय महापुरुषों व वीर क्रांतिकारियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन करने का अवसर प्रदान करती है: मुख्यमंत्री
- 'काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव' महान क्रान्तिकारियों के स्मरण का एक महान दिवस: मुख्यमंत्री
- सार्थक परिचर्चा देश व प्रदेश की प्रगति का माध्यम बनेगी: मुख्यमंत्री
- प्रधानमंत्री जी के यशस्वी नेतृत्व व मार्गदर्शन में उ0प्र0, देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर : मुख्यमंत्री
- हर घर तिरंगा अभियान शुभारंभ की झलकियां

नए भारत का नया उत्तर प्रदेश

# हर घर तिरंगा अभियान "13 से 15 अगस्त 2025" के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का सन्देश

'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता'... अर्थात, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग...यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति हमारा प्रण है। तिरंगा हमारी आन, बान, शान है और स्वच्छता हमारे संस्कार, हमारी सभ्यता और हमारे भविष्य की पहचान है।

गांव हो या शहर, पंचायत हो या नगर निकाय आजादी का यह पर्व हम सबको एक सूत्र में पिरोता है। हम सबकी जिम्मेदारी एक है। राष्ट्रभक्ति के साथ स्वच्छ, सुंदर और सशक्त उत्तर प्रदेश का निर्माण...मुझे विश्वास है कि हम अपने-अपने पंचायत सचिवालय, नगर निकाय कार्यालय, घरों, सार्वजनिक
भवनों और संस्थानों में तिरंगा लहराएंगे और आसपास की स्वच्छता को अपना व्यक्तिगत दायित्व मानते हुए सुनिश्चित करेंगे।

इस बार के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हमारे लिए गौरव का क्षण है कि इस 15 अगस्त को उत्तर प्रदेश के 33 से अधिक ग्राम प्रधान उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिल्ली में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशिष्ट रूप से सम्मानित किए जाएंगे। यह ग्राम प्रधान न केवल अपने गांव बल्कि पूरे प्रदेश का नाम आगे करने में योगदान दे रहे हैं। मैं उन सभी ग्राम प्रधानों और उन ग्रामवासियों को हार्दिक बधाई देता हूं।

आइए, हम सब मिलकर इस स्वतंत्रता दिवस को सचमुच एक जन अभियान बना दें...



**तिरंगा के साथ सेल्फी लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी**





# तिरंगा यात्रा हमें भारत माता, भारतीय महापुरुषों व वीर क्रांतिकारियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन करने का अवसर प्रदान करती है : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित व आत्मनिर्भर भारत विजन से मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए हमें विकसित व आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के विजन को अपने जीवन का मंत्र बनाना होगा।

मुख्यमंत्री जी 13 अगस्त, 2025 को लखनऊ में 'हर घर तिरंगा अभियान' (13 से 15 अगस्त, 2025) का शुभारम्भ करने के पश्चात अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में आज 'हर घर तिरंगा अभियान' का शुभारम्भ किया जा रहा है।

हमारा देश अपनी आजादी के 78 वर्ष पूर्ण कर रहा है। आजादी के अमृतकाल में हर भारतीय के मन में अपने संविधान, राष्ट्रीय प्रतीकों, महान क्रान्तिकारियों और महापुरुषों के प्रति श्रद्धा और सम्मान के भाव को और अधिक प्रगाढ़ करने के लिए इस तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि तिरंगा यात्रा हमें भारत माता, भारतीय महापुरुषों व वीर क्रान्तिकारियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर प्रदान करती है। देश व प्रदेश के प्रत्येक घर में भारत की आन-बान-शान का प्रतीक तिरंगा लहराया जाना चाहिए। यह हमारे देश व सैनिकों के सम्मान का प्रतीक है। सभी प्रदेशवासी राष्ट्र माता के चरणों में स्वयं को समर्पित करते हुए तिरंगे को प्रत्येक घर में लगाकर देश की आजादी के 78 वर्षों के शानदार समारोह में सम्मिलित हों।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को दुनिया ने देखा है। भारत की शक्ति और सामर्थ्य देखकर पूरी दुनिया अचंभित है। अपने निजी स्वार्थ की तिलांजलि देकर प्रत्येक परिस्थिति में देश के सम्मान को बनाए रखना प्रत्येक भारतीय नागरिक का दायित्व है। क्षेत्र, भाषा, जाति, मत, मजहब तथा सम्प्रदाय आदि के नाम पर देश को बांटने वाले तत्वों को बेनकाब करना अत्यंत आवश्यक है।





# 'काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव' महान क्रान्तिकारियों के स्मरण का एक महान दिवस: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने 08 अगस्त, 2025 को लखनऊ में आयोजित काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव में काकोरी शहीद स्मारक स्थित शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री जी ने पुस्तक 'काकोरी ट्रेन एक्शन-साहस, बलिदान एवं आजादी की कहानी' का विमोचन भी किया। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज से 100 वर्ष पहले 09 अगस्त, 1925 को काकोरी ट्रेन एक्शन के माध्यम से उस समय के महान क्रान्तिकारियों ने भारत की जनता के खून-पसीने की कमाई को इंग्लैंड ले जाने का कुत्सित प्रयास करने वाली ब्रिटिश हुकूमत के खजाने को अपने कब्जे में लेकर क्रान्तिकारी गतिविधियों को आगे बढ़ाया था।मुख्यमंत्री जी काकोरी शहीद स्मारक, लखनऊ में 'काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के समापन समारोह एवं वीरों को नमन' कार्यक्रम के अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस पूरे अभियान को नेतृत्व प्रदान करने वाले पं0 राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, ठा0 रोशन सिंह, चन्द्रशेखर आजाद, राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी सहित क्रान्तिकारियों की एक लम्बी श्रृंखला थी, जिन्हें ब्रिटिश हुकूमत ने अलग-अलग जेलों में बन्द करके, बिना सुनवाई का अवसर दिये ही फांसी के फंदे पर पहुंचाने का काम किया था। पं0 राम प्रसाद बिस्मिल को गोरखपुर जेल में फांसी दी गई। इसी प्रकार अन्य क्रान्तिकारियों को गोण्डा, फैजाबाद और नैनी जेल में फांसी दी गई। चन्द्रशेखर आजाद ब्रिटिश हुकूमत के हाथ नहीं पड़े, बल्कि उन्होंने मुकाबला करते हुए स्वयं वीरगति प्राप्त की। आज का यह शताब्दी महोत्सव उन महान क्रान्तिकारियों के स्मरण का एक महान दिवस है। यह वर्तमान पीढ़ी के लिए एक नई प्रेरणा भी है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि क्रान्तिकारियों ने ब्रिटिश हुकूमत के मात्र 4,600 रुपए के खजाने को अपने कब्जे में लिया था, जबकि इन क्रान्तिकारियों को पकड़ने और बिना सुनवाई उन्हें फांसी देने के लिए ब्रिटिश हुकूमत ने 10 लाख रुपये से अधिक की धनराशि खर्च की थी। आज से 100 वर्ष पहले देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले क्रान्तिकारियों का स्मरण करने और उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए हर भारतवासी को प्राणप्रण से जुटना चाहिए। आज का यह समारोह इसी संकल्प को आगे बढ़ाने वाला है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि महान क्रान्तिकारियों ने देश को ब्रिटिश हुकूमत से मुक्त कराने के लिए स्वयं की परवाह किए बगैर राष्ट्रभक्ति के भाव से अपने आप को बलिदान किया। आजादी के लिए हर कीमत चुकाने के उनके जज्बे का ही परिणाम था कि यह देश वर्ष 1947 में आजाद हो गया। हमारा यह संकल्प होना चाहिए कि राष्ट्रभक्ति का यह ज्वार जन-जन के हृदय में प्रतिष्ठित हो। इसके लिए एकता और गर्व के प्रतीक तिरंगे को हर घर तक पहुंचाना है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह देश अपनी स्वाधीनता दिवस के आयोजन के साथ

जुड़ रहा है, उस समय हर घर पर तिरंगा हो और हर भारतीय के मन में स्वदेशी का भाव जागृत होना चाहिए।जब हम कोई स्वदेशी वस्तु खरीदते हैं, तो हमारे हस्तशिल्पियों, कारीगरों और उद्यमियों को काम मिलता है। यह पैसा अंततः देश के विकास और समृद्धि में ही खर्च होता है। विदेशी वस्तु खरीदने की कीमत हमें उस समय तो चुकानी ही पड़ती है, लेकिन बाद में आतंकवाद के रूप में भी हम उसकी कीमत चुकाते हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भले ही तात्कालिक रूप से कुछ महंगा हो, लेकिन हम स्वदेशी उपहार ही खरीदें। 02 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश सहित हर भारतवासी गांधी आश्रम से खादी का एक-एक वस्त्र खरीदें। उसका पैसा हमारे कुटीर उद्योगों और महिला स्वयंसेवी समूहों के पास जाएगा। भारत का पैसा, भारत में ही लगेगा, तभी भारत समृद्धि को प्राप्त होगा। भारत का पैसा जब विदेशों में जाएगा, तो यही पैसा फिर भारत के खिलाफ आतंकवाद, उग्रवाद और नक्सलवाद को बढ़ाने में दुरुपयोग होगा। हमें ऐसी किसी भी दुरभिसंधि से बचना पड़ेगा, जहां हमारा ही पैसा, हमारे ही खिलाफ इस्तेमाल होता हो।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में अपने क्रान्तिकारियों का स्मरण किया। साथ ही, सभी शहीद स्मारकों के पुनरुद्धार के कार्यक्रम को भी आगे बढ़ाने का काम किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हर रखने का काम कर रहे थे। सन् 1915 में मैनपुरी एक्शन, सन् 1922 में गोरखपुर में चौरी-चौरा और सन् 1925 में लखनऊ में काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना देशको स्वतंत्र कराने के क्रान्तिकारियों के उमंग और उत्साह की ओर हम सबका ध्यान आकर्षित करती है। अमर क्रांतिकारियों के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करते हुए हमारी सरकार ने यह तय किया कि लखनऊ का मलिहाबादी आम 'काकोरी ब्राण्ड' के रूप में पूरी दुनिया में पहुंचेगा। आज हम 'काकोरी ब्राण्ड' के आम को पूरी दुनिया में पहुंचाने का काम कर रहे हैं। यह क्रान्तिकारियों के प्रति हमारी श्रद्धांजलि भी है और उनकी स्मृतियों को नमन भी है।





# सार्थक परिचर्चा देश व प्रदेश की प्रगति का माध्यम बनेगी: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने 10 अगस्त, 2025 को लखनऊ में सर्वदलीय बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि 11 अगस्त, 2025 से उत्तर प्रदेश विधान मण्डल के वर्ष 2025 के द्वितीय सत्र का शुभारम्भ होगा। उत्तर प्रदेश विधान सभा प्रदेश के समग्र विकास की धुरी है। विगत वर्षों में विधान सभा ने पूरे देश में संसदीय कार्य प्रणाली की नजीर प्रस्तुत की है। इससे लोकतंत्र मजबूत हुआ है। सदन स्वस्थ चर्चा-परिचर्चा के लिए जाना जा रहा है। यह कार्य दलीय नेताओं के सहयोग से संभव हुआ है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विधान सभा अध्यक्ष जी के नेतृत्व में विधानसभा में नवाचार की श्रृंखला शुरु हुई है। सदन में डिजिटाइजेशन, गैलरी के सुंदरीकरण, हॉल के नवीनीकरण जैसे विभिन्न कार्य किये गये हैं। यह कार्य देश के लिए अनुकरणीय बने हैं। विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं के स्पीकर, संसदीय कार्य मंत्री आदि सम्मानितजन इन नवाचारों को देखने आते हैं। यह हमारे लिए गौरव की बात है।

मुख्यमंत्री जी ने सत्र के सुचारु संचालन में सत्ता पक्ष के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सदन की उच्च गरिमा और मर्यादा को बनाए रखते हुए गम्भीर चर्चा को आगे बढ़ाने से लोकतंत्र के प्रति आमजन की आस्था बढ़ती है। प्रदेश सरकार राज्य के विकास एवं जनकल्याण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। संसदीय परम्पराओं का पालन करते हुए सभी सदस्यों को अपने सुझावों एवं मुद्दों को सदन में रखना चाहिए। विधान सभा में सकारात्मक माहौल में चर्चा होनी चाहिए।

इसी क्रम में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण एवं सतत विकास को सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए 'विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश-2047' विजन डॉक्यूमेन्ट तैयार करने की दिशा में कार्य कर रही है। इस सत्र में सदस्यगण 'विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश-2047' विजन डॉक्यूमेन्ट की कार्ययोजना के सम्बन्ध में आगामी 13 अगस्त से 24 घण्टे के लिए सकारात्मक चर्चा को आगे बढ़ाएं। यह सार्थक परिचर्चा देश व प्रदेश की प्रगति का माध्यम बनेगी और उत्तर प्रदेश विधान सभा देश में राज्य की एक नई छवि प्रस्तुत कर पाएगी। यह किसी पार्टी विशेष का नहीं, बल्कि राज्य का एजेण्डा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमारा लक्ष्य इस विजन डॉक्यूमेंट को आगामी तीन माह में तैयार करने का है। राज्य सरकार 'विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश-2047' विजन डॉक्यूमेंट को पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू करने का कार्य करेगी। विजन डॉक्यूमेंट के दृष्टिगत आम जनता के विचारों को जानने के लिए क्यू0आर0 कोड जारी किया जा रहा है। यह क्यू0आर0 कोड विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किए जाएंगे।

इससे पूर्व, मुख्यमंत्री जी ने विधान भवन के प्रवेश द्वार के नवीनीकृत गुम्बद और नवीनीकृत अतिविशिष्ट जलपान गृह एवं विधान सभा के नवीनीकृत सभा मंडप तथा नवीनीकृत सभाकक्ष संख्या 15 का लोकार्पण भी किया।




# प्रधानमंत्री जी के यशस्वी नेतृत्व व मार्गदर्शन में उ0प्र0, देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने 11 अगस्त, 2025 को उत्तर प्रदेश विधानमण्डल के मानसून सत्र के प्रारम्भ होने के पूर्व यहां विधानभवन परिसर में प्रेस प्रतिनिधियों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व व मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश, देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हुआ है। प्रदेश ने विगत साढ़े आठ वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व, अविस्मरणीय तथा अनुकरणीय प्रगति की है। प्रदेश सरकार ने श्रमिकों, युवाओं, महिलाओं तथा व्यापारियों आदि के उत्थान के लिए बेहतरीन प्रयास किए हैं। प्रदेश के परसेप्शन में व्यापक बदलाव आया है। अनेक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने इन कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि आज से उत्तर प्रदेश विधान मण्डल का सत्र प्रारम्भ हो रहा है। उत्तर प्रदेश विधान मण्डल देश का सबसे बड़ा विधान मण्डल है। यहां जनप्रतिनिधिगण जनता जनार्दन की सेवा से जुड़े जिन मुद्दों पर चर्चा करते हैं, वह देश में नजीर के तौर पर माने जाते हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विगत साढ़े आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश विधान मण्डल ने अनेक उपलब्धियां प्राप्त की हैं। यह सत्र अत्यधिक महत्वपूर्ण सत्र है। इस सत्र में बाढ़, जल जमाव, स्वास्थ्य तथा शिक्षा आदि से जुड़े मुद्दों पर चर्चा परिचर्चा होगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में देश की स्वाधीनता दिवस के अमृतकाल का यह तीसरा वर्ष है। स्वाधीनता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों से विकसित भारत विजन के साथ जुड़ने का आह्वान किया था। 'विकसित भारत अर्थात् विकसित उत्तर प्रदेश', 'आत्मनिर्भर भारत अर्थात् आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश'। विकसित और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के लिए सरकार तथा प्रदेशवासियों के विजन के सम्बन्ध में किसी सदन में पहली बार चर्चा होगी।



Yogi Adityanath
@myogiadityanath

Translate post

आदरणीय प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी के नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा आज उत्तर प्रदेश में मेट्रो रेल नेटवर्क को विस्तार देने हेतु ₹5,801 करोड़ की लागत से लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के Phase-1B को मिली स्वीकृति अभिनंदनीय है।

इस परियोजना की लंबाई 11.165 किलोमीटर होगी और इसमें 7 भूमिगत और 5 एलिवेटेड सहित 12 स्टेशन होंगे।

विभिन्न आर्थिक, सामाजिक और व्यावसायिक सुविधाओं को जोड़ते हुए यह मेट्रो न केवल राजधानी की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाएगी, बल्कि रोजगार, पर्यटन और निवेश के नए अवसर भी प्रदान करेगी।

हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी!

pib.gov.in/PressReleasePa...

# हर घर तिरंगा अभियान शुभारंभ की झलकियां











राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत राजभवन के मुख्य भवन की छत पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराते हुए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के साथ सेल्फी लेते हुए।



सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश के लिए निदेशक श्री विशाल सिंह, आईएएस द्वारा प्रकाशित